# BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 05 अक्टूबर, 2025 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** थाना खुर्जा नगर

**शातिर चोरों/ लुटेरों के साथ थाना खुर्जा नगर पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था मे अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के आभूषण, अवैध असलहा, कारतूस, नकदी व घटना मे प्रयुक्त गाडी बरामद।**

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 04/05.10.2025 की रात्रि को थाना खुर्जा नगर पुलिस मुंडा खेड़ा नहर पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी एक ग्रे रंग की कार आती हुई दिखाई दी जिनको रूकने का इशारा किया गया, नही रुके तथा बदमाश पुलिस टीम को देखकर कार को तेजी से मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। जिस पर बदमाशो की कार कुछ दूरी पर पडे बालू मे फंस गयी। अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01 बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिनको अपने 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान 1. सोनू सक्सेना पुत्र राजेश सक्सेना निवासी मकान न0 202 गली न0 02 ताहिरपुर शाहदरा दिल्ली (घायल) 2. अंकित पुत्र भिरगू नाथ सिंह निवासी मकान न0 3 सी.ए ताहिरपुर शाहदरा दिल्ली के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से चोरी के आभूषण, अवैध असलहा, कारतूस, नकदी व घटना मे प्रयुक्त गाडी बरामद हुए है।

**उल्लेखनीय है कि उक्त बदमाश शातिर किस्म के चोर/लुटेरे है जिनके द्वारा दिनांक 30/09/2025 व दिनांक 16.09.2025 को थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत चोरी की घटना कारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना खुर्जा नगर पर मु0अ0सं0 922/25 धारा 305 बीएनएस व मुअसं- 868/25 धारा 331(4),305 बीएनएस पंजीकृत है। बदमाशों की गिरफ्तारी के निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।**

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता**-

1- सोनू सक्सेना पुत्र राजेश सक्सेना निवासी मकान न0 202 गली न0 02 ताहिरपुर शाहदरा दिल्ली
2- अंकित पुत्र भिरगू नाथ सिंह निवासी मकान न0 3 सी.ए ताहिरपुर शाहदरा दिल्ली

**बरामदगी**-

1- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस।
2- 01 सोने की चेन, 01 जोडी झुमकी (पीली धातु)
3- 01 जोडी पायल (सफेद धातु)
4- 01 होंडा ब्रियो कार DL-3C-BE-6865 (घटना मे प्रयुक्त)
5- 5,200/- रूपये नकदी

**गिरफ्तार अभियुक्त सोनू सक्सेना का आपराधिक इतिहास**-

1. मुअसं- 24/21 धारा 379/411 भादवि थाना लिंक रोड जनपद गाजियाबाद।
2. मुअसं- 811/16 धारा 379/411 भादवि थाना साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद।
3. मुअसं- 137/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना लिंक रोड जनपद गाजियाबाद।
4. मुअसं- 484/23 धारा 392/395/397/412/34 भादवि व 25/27 आर्म्स एक्ट थाना बृज विहार दिल्ली।
5. मुअसं- 321/24 धारा 379/356 भादवि थाना सीमापुरी दिल्ली।
6. मुअसं- 341/23 धारा 379/411 भादवि थाना सीमापुरी दिल्ली।
7. मुअसं- 868/25 धारा 331(4),305 बीएनएस थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।
8. मुअसं- 922/25 धारा 305 बीएनएस थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

## गिरफ्तार अभियुक्त अंकित का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं- 201/23 धारा 379/411 भादवि कौशाम्बी जनपद गाजियाबाद।
2. मुअसं- 264/23 धारा 379/411 भादवि थाना सैक्टर 58 जनपद गौतमबुद्धनगर।
3. मुअसं- 306/23 धारा 307 भादवि व 25/27 आर्म्स एक्ट थाना सैक्टर 58 जनपद गौतमबुद्धनगर।
4. मुअसं- 868/25 धारा 331(4),305 बीएनएस थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।
5. मुअसं- 922/25 धारा 305 बीएनएस थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा नगर पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री पंकज राय प्रभारी निरीक्षक थाना खुर्जा नगर
2. निरीक्षक श्री दिग्विजय नाथ शाही, उ0नि0 प्रीतम सिंह, उ0नि0 मनीष कुमार यादव
3. है0का0 रवि कुमार, है0कां0 रचित कुमार, है0कां0 देवेन्द्र सिह, कां0 संदीप कुमार, कां0 अंकुश कुमार, का0 चन्द्रभान सिंह, का0 कृष्ण कुमार








**मीडिया सेल बुलन्दशहर**